**खबर संक्षेप**

### लोगों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आये लोगों की शिकायतें सुनी एवं शिकायत के निराकरण के लिए शिकायत संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। आयोजित जनसुनवाई में ब्रजभूषण शर्मा निवासी घोघरी ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पुत्र बुजकिशोर शर्मा एवं कृष्ण कुमार शर्मा दोनों अलग-अलग अपने पत्नी एवं बच्चों के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। दोनो शासन के मापदण्डों के अनुसार राशन कार्ड के पात्र हैं, लेकिन दोनो का राशन कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है। उनका कहना था कि उनके दोनों पुत्रों का राशन कार्ड बना दिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने उनके प्रकरण को गंभीरता में लेते हुए संबंधित विभाग के अधिरियों को निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने अन्य शिकायतें सुनी एवं निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। आयोजित जनसुवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, जिला कोषालय अधिकारी राममिलन सिंह, प्राचार्य डाईट आर.एस. गौतम सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संयुक्त आयुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**शहडोल।** जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए। आयोजित जनसुनवाई में राकेश कुमार गुप्ता ने आवेदन देकर बताया कि वे सहायक लेखाधिकारी के पद पर जनपद पंचायत कोतमा जिला अनूपपुर में पदस्थ थे। उन्होंने बताया कि वे 31 मई 2023 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनको सेवानिवृत्त पश्चात जीविकोपार्जन के लिए ग्रेज्युटी एवं अवकाश नगदीकरण आदि स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था की उन्हें जीविकोपार्जन के लिए ग्रेज्युटी एवं अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान कराया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर उचित कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

### विश्वविद्यालय में होगा युवा उत्सव का आयोजन

**शहडोल।** विश्वविद्यालय स्तर का युवा उत्सव 17 ,18 और 19 जनवरी को 11 बजे से पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय परिसर में युवा उत्सव 2024 आयोजित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यह युवा उत्सव विभिन्न विधाओं में आयोजित होगा, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों से आग्रह किया कि अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए युवा उत्सव को मनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रयोग कर अपने व्यक्तित्व विकास के लिए सफल प्रयास करें, युवा उत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाना निश्चित हुआ है। केन्दीय आयोजन समिति गठित की गई है, समिति को अपने नाम देकर इसमें सहभागिता ले सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय आयोजन समिति से विश्वविद्यालय परिसर शहडोल पर संपर्क किया जा सकता है।

**जब रोगी का शपथ पत्र बनेगा तब अस्पताल में शुरू होगा इलाज**

# सीएस शपथ पत्र दें कि अस्पताल की उन्हें जानकारी नहीं रहती



**शहडोल।** जिला अस्पताल में सिविल सर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था में अराजकता इस कदर हावी हो चुकी है कि डॉक्टर रोगियों से उपचार के लिए सरेआम घूंस मांगने लगे हैं। सर्जरी के एक मामले में जब डाक्टर पर कार्रवाई हुई तो सिविल सर्जन ने फरमान जारी कर दिया कि अब भर्ती होने वाले रोगी को शपथ पत्र देना होगा कि उसने डाक्टर को रिश्वत नहीं दी है। ऐसा आदेश प्रदेश का शायद पहला आदेश है। जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने सिविल सर्जन ने ठोस व प्रभावी कदम उठाने की बजाय शपथ पत्र बनवाने का एक बेहूदा फरमान जारी किया है। जिस अस्पताल में रोगियों से रिश्वत वसूलने का खेल चल रहा था उसके मुखिया तो सिविल सर्जन ही हैं। सब कुछ उन्ही के मातहत डाक्टर कर रहे थे। अगर सिविल सर्जन में इतनी खुद्दारी है तो सबसे पहले वे ही इस बात की शपथ दें कि अस्पताल में जो होता है उनकी जानकारी में नहीं होता है और आगे से केवल सर्जन ही नहीं कोई भी डाक्टर या स्टाफ किसी रोगी से रिश्वत नहीं लेगा। तब तो शपथ पत्र की प्रक्रिया ठीक मानी जा सकती है। रोगी को ही पीड़ा सहनी पड़े, रोगी का ही ऑपरेशन हो और रोगी को ही शपथ देनी पड़े। सिविल सर्जन केवल दूसरों का दर्द बढ़ा सकते हैं लेकिन दवा नहीं दे सकते। सिविल सर्जन का आदेश विचारणीय है।

### इस तरह हुई थी घटना

ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों जिला अस्पताल में विधायक जयसिंह मराबी के वाहन चालक से आपरेशन के नाम पर डॉ. अपूर्व पाण्डेय ने चार हजार रुपए की रिश्वत ले ली थी। जिसकी शिकायत कलेक्टर से हुई थी और फिर कलेक्टर की नोटशीट पर कमिश्नर ने डॉक्टर को निलम्बित कर दिया था।






यह मामला मीडिया की सुर्खियों के साथ जनचर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने अस्पताल प्रशासन की जमकर निंदा की थी। डॉक्टर अपूर्व पाण्डेय का यह कोई पहला मामला नहीं था उन्होने कुछ और भी रोगियों से पैसों की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में इस तरह के खेल काफी दिनों से चल रहे थे।

### ऐसा जारी हुआ सीएस का फरमान

शनिवार को सिविल सर्जन डॉ. जी.एस. परिहार ने जिला चिकित्सालय में कार्यरत समस्त सर्जिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं पीजीएमओ सर्जरी को आदेशित किया है कि ऑपरेशन के पहले मरीज एवं उनके सगे संबंधी परिजनों से शपथ पत्र लें, जिसमें उल्लेख हो कि हमारे द्वारा ऑपरेशन के लिए चिकित्सक को कोई पैसा नहीं दिया गया है। शपथ-पत्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात ही ऑपरेशन करना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर संबंधित चिकित्सक व विशेषज्ञ के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। मसला यह है कि क्या शपथ पत्र से भ्रष्टाचार रुक सकता है? अगर चोरी घर के लोग ही कर रहे हों तो क्या उसकी निगरानी की जा सकती है?

### रोगी की बढ़ेगी परेशानी

सिविल सर्जन के आदेश का पालन करने के लिए पीड़ित रोगी को कितना कष्ट सहना पड़ेगा इस मानवीय पहलू पर भी विचार किया जाना आवश्यक है। उसका इलाज तब तक शुरू नहीं होगा जब तक कि शपथ पत्र बनकर तैयार नही होगा। सिविल सर्जन की मंशा शायद यह है कि मरीज अब अस्पताल में भर्ती हो तो कार्यालय के दिनों में भर्ती हो, अवकाश के दिन में भर्ती न हो, ताकि उसका शपथ पत्र बन सके। अब रोगी के परिजनों को शपथ पत्र बनवाने में भी व्यय करना पड़ेगा। माना जाता है कि किसी अस्पताल में इस तरह का आदेश प्रदेश का एक अनोखा आदेश है। जहां रोगी को शपथ पत्र देना होगा। भ्रष्टाचार रोकने के तो पहले से ही इतनी कानून बने हुए हैं उन्ही का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है। सीधी सच्ची बात यह है कि अगर नीयत में खोट हो तो कोई कागज उसे ठीक नहीं कर सकता है।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व आज



**शहडोल।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व 17 जनवरी दिन बुधवार को मनाया जाएगा, इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सुबह 9 बजे श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ साहिब की समाप्ति होगी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक अमृतसर से आए ज्ञानी संदीप सिंह द्वारा विशेष कीर्तन दीवान सजाये जायेंगे एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी द्वारा कीर्तन किया जाएगा दोपहर 1 बजे अरदास के उपरांत गुरु के लंगर की सेवा होगी। शाम के दीवान में रात 7 बजे से 8 बजे तक कीर्तन एवं गुरबाणी का पाठ किया जाएगा। रात 8 बजे से 9 बजे तक अमृतसर से आए ज्ञानी संदीप सिंह जी द्वारा कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। इसके उपरांत गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी द्वारा कीर्तन किया जाएगा रात 9:30 बजे अरदास उपरांत बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के उपरांत गुरु के लंगर की सेवा है। रात्रि में ही आतिशबाजी का रंगारंग कार्यक्रम भी रखा गया है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार तजिंदर सिंह बग्गा ने निवेदन किया है कि शहडोल की आम संगत सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

# सभी मंदिरों की साफ-सफाई कराएं: कलेक्टर




**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संबंधी आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी मंदिरों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मुख्य नगरपालिकाओं के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया है कि 16 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराया जावे। जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्वलित एवं हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत किया जावे। जिले के नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जावे।

जिले के मुख्य मंदिरों में टीटी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के द्वारा 22 जनवरी को भण्डारों का आयोजन किया जावे। इस बाबत विभिन्न धर्मगुरूओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने के लिए समन्वय किया जावें। जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी दीप प्रज्वलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट, समिति के माध्यम से आमजन के लिए आयोजित किए जावे।

सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष अभियान चलाया जाए सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जावें। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जावे एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जावे। स्पेशल ट्रेनों तथा सडक़ मार्गों से आयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान, स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीयजनों के सहयोग से सुनिचित की जावें।

### माफिया सरफा नदी से निकाल रहे रेत



**शहडोल।** कलेक्टर से भास्कर शुक्ला पिता रामजियावन शुक्ला निवासी उधिया, पोस्ट पड़मनियाखुर्द ने शिकायत करते हुए बताया कि आराजी भूमि सरफा नदी से ऊपर से लगा हुआ हे, जिसमें रेत माफियाओ द्वारा बेलघाट पर दादागिरी के बल से जबरन प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर रेत का अवैध उत्खनन करते हैं और फरियादी स्वयं की भूमि में जेसीबी के माध्यम से गड्ढा कराया गया था, इसके बाद भी खेत से लेकर रेत का अवैध उत्खनन करते हैं, मना करने के बाद भी रेत माफियाओं द्वारा पुलिस बुलाकर मेरा को झूठा केश में फंसाने की धमकी दी जा रही है कि मना करोगे, तो उल्टा केश में फंसाने के लिए धमकी दे रहे हैं, जिससे सरफा नदी का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है तथा मेरे द्वारा दो साल से कई बार प्रशासन को सूचना दिया गया है, परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। फरियादी ने कलेक्टर से उचित कार्यवाही करने की मांग की है, साथ ही कहा कि रेत माफिया से मुझे जान का खतरा है। अगर मेरे साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो, संपूर्ण जवाबदेही माफिया व जिला प्रशासन की होगी।

# एडीजीपी ने दिया यातायात जागरूकता का संदेश




**शहडोल।** जोन के एडीजीपी डी.सी.सागर यातायात जागरूकता अभियान के तहत खुद हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल में शहर की सडक़ों पर निकल कर यातायात जागरुकता का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जवान मोटर साइकिल में हेलमेट लगाकर एडीजीपी के पीछे चले। मोटरसाइकिल रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से जय स्तंभ चौक, गांधी चौक इंदिरा चौक से होते हुए मेला मैदान पहुंची। मेले में आए लोगों को यातायात नियमों की जानकारी एडीजी ने दी। बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। मोटर साइकिल दो लोग ही चले और ऐसे कई यातायात नियम के बारे में एडीजीपी ने बताया। एडीजीपी का कहना है कि देश में आए दिन सडक़ हादसों में कई लोगों की जान चली जाती है, इसीलिए हमेशा यातायात नियम का पालन करना चाहिए और बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलनी चाहिए। अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाने वाले एडीजीपी डी.सी.सागर फिर एक बार चर्चा में रहे। बीते वर्ष मकर संक्रांति में एडीजीपी ने पुलिस लाइन में पतंगबाजी की थी और इस दौरान पतंग बाजी करते-करते उन्होंने डांस किया था। डांसिंग अंदाज में पतंगबाजी प्रदेश भर में चर्चा का विषय बना था। कई बार सुर्खियां बटोर चुके एडीजीपी डी.सी.सागर फिर एक बार चर्चा में आ गए है,ज़ब शहर की सडक़ पर मोटरसाइकिल से निकले।

# शिक्षकों के बीच कर्तव्य बोध दिवस पर हुई परिचर्चा




**शहडोल।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा युवा दिवस पर आयोजन के रूप में मनाया गया साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में युवा दिवस के साथ-साथ अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ की मूल भावना के अनुसार शिक्षकों के बीच कर्तव्य बोध दिवस पर परिचर्चा कर पहले हमारे कर्तव्य अपने दायित्व क्या है और स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस एवं देश के महान नायकों से कर्तव्य के प्रति क्या प्रेरणा मिलती है। हमें कैसे कर्तव्य का बोध होता है, इस विषय पर भी विचार रखे गए विचार रखने वालो में डॉ.मनोज श्रीवास्तव, प्रभारी प्राचार्य निधि सेन, लालजी तिवारी कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अख्तर हुसैन, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना आर.पी. सिंह, सविता मैडम ने अपने विचार रखें तथा साथ ही अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ द्वारा पूरे देश में कर्तव्य बोध पखवाड़ा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती 23 जनवरी मनाया जा रहा है। उसी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ, हम सभी शिक्षकों को अपने दायित्व एवं कर्तव्य में डट जाने की भावना के साथ इन महापुरुषों से समर्पण की प्रेरणा मिलती है। स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर कर्तव्य बोध दिवस आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अध्यक्षता डॉ.मनोज श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य ने की। कार्यक्रम का संचालन लालजी तिवारी द्वारा किया गया, सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं के साथ शिक्षिका श्रीमती मंजू ओझा एवं सविता मैडम के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# महिला का रेलवे यार्ड में मिला संदिग्ध शव



**शहडोल।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन से लगे यार्ड के समीप झाडिय़ों में मंगलवार की शाम अज्ञात महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई, घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और झाडिय़ों में पड़ी लाश का पंचनामा किये जाने की तैयारी शुरू की गई, अंधेरा होने के कारण अभी यह स्पष्ट नहीं है कि महिला कौन हैं, और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है। महिला ने लाल रंग की साड़ी पहने हुई है, प्रथम दृष्टव्या यह प्रतीत होता है कि महिला की शायद हत्या की गई है, पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है, बहरहाल महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह तो पुलिस की सूक्ष्म जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद ही पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर बल-दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि प्रथम दृष्टव्या ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर फेंका गया है, महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष के आस-पास हो सकती है, वहीं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर ने इस मामले में सूचना देने वाले को 30 हजार रूपये इनाम देने की घोषणा की है।

### बेलचे से जेल प्रहरी का फोड़ा सर



शहडोल। जिला जेल में जेल प्रहरी के पद पर पदस्थ महेन्द्र त्रिपाठी मंगलवार की शाम गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती हुए, उनके सर पर किसी लोहे के औजार से गंभीर वार थे, पीड़ित महेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि वे सब्जी लेने के लिए गये हुए थे,इसी दौरान किसी राहुल गुड्डू नामक व्यक्ति ने उनके सर पर गंभीर प्रहार कर दिये, सर पर इलाज के दौरान 5 टांके लगे हैं, आरोपी को इससे पहले पीड़ित नहीं जानते थे, जबकि स्थानीयजनों का कहना है कि दोनों ने छक कर शराब पी और किसी बात को लेकर शराब के नशे में ही तू-तू, मैं-मैं हो गई, जो घटना कारण बना, बहरहाल पीड़ित जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश के द्वारा यात्रा निकाली कलश यात्रा



**उमरिया।** जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन मे ग्राम लगवारी मे अक्षत कलश के द्वारा यात्रा निकाली एवं ग्रामीणों को तिलक लगा कर अक्षत दे कर श्री राम जी के नाम का मुद्रित गमछा भेट किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या में अपनी जन्मभूमि में विराजमान का सादर निमंत्रण दिया गया। जन अभियान परिषद के इस यात्रा मे शासकीय माध्यमिक विद्यालय लगवारी के छात्र-छात्राएं व शिक्षक राम सुवन तिवारी, सचिव संपत यादव व ग्रामीणजन व सेक्टर 3 की परामर्शदाता जयभारती साहू सी एम सीएलडीपी छात्र-छात्राएं अंशिका मिश्रा, ममता जैन, आरती यादव, प्रियंका तिवारी, राजकुमार यादव, नरेन्द्र पाल, महेंद्र, विकास उपस्थित रहे।

### कृषकों के दल को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**उमरिया।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में राज्य योजनतर्गत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत 60 कृषको का दल जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, आधार ताल जबलपुर को रवाना हुआ। जबलपुर में तीन दिन तक कृषक खेती बाड़ी की आधुनकि तकनीकों के बारे में जानकारी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से प्राप्त करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में अवस्थित विभिन्न विभागों एंव प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। कृषकों के दल को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने हरी झण्डी दिखाकर जबलपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान उमारिया झंनक सिंह मरावी, उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया, भ्रमण दल प्रभारी मस्तराम राम सिंह, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी करकेली, जिला तकनीकी शाखा प्रभारी डॉ मनोज यादव, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मानपुर एवं पाली महेश प्रसाद धुर्वे सहित कृषक गण उपस्थित रहे।

### अपर कलेक्टर एवं एसडीएम ने की जनसुनवाई



**उमरिया।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह ने विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जिले भर से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा उनका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में दयाशंकर शुक्ला ने मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र वितरण कंपनी व्दारा बिना किसी सूचना एवं कारण के सेवा से पृथक किए जाने, ग्राम डिगिया से आए जीवनलाल प्रजापति ने घर आने जाने का रास्ता दिलाने, ग्राम हिरौली से आए सूर्य प्रकाश शुक्ला ने वन विभाग व्दारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, ग्राम चंदवार से आई फूल बाई ने वृध्दावस्था पेंशन का लाभ दिलाने, ग्राम महुरा से आए दल्ली ने कालरी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले कालरी में नौकरी दिलाने, ग्राम देवदण्डी से आई रानी बाई ने उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कर्री से आए लामू सिंह ने वन भूमि काबिज का वनाधिकार के तहत पट्टा दिलाने, नौगजा चंदिया से आए केशव साहू ने भूमि का सीमांकन कराने संबंधी आवेदन किया।

### अंक खेल के जाल में उलझता मध्य मवर्गीय परिवार

# कानून की ढीली पकड़ से पनप रहा सट्टा माफिया

कभी चोरी-छिपे चलने वाला सट्टा बाजार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है, उससे यही प्रतीत होता है कि प्रमुख खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है।

शहडोल। कोतवाली एवं सोहागपुर क्षेत्र में सट्टे के खेल के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि महिलाएं एवं बच्चे भी दिन-रात अंकों के जाल में उलझे रहते हैं। प्रमुख खाईवाल के एजेंट जो पट्टी काटते हैं प्रायः हर गली-मोहल्ले में आसानी से नजर आते हैं। इनमें से कुछ आदतन किस्म के लोग पुराने गांधी चौक, सिंधी बाजार, इन्द्रा चौक, गांधी चौक, बाईपास चौक, बस स्टैण्ड, जयस्तंभ, गढ़ी के पास सहित अन्य क्षेत्रों में खुलेआम पट्टी काटकर एवं मोबाइल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं, जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है। सट्टे के हिसाब-किताब की जगह बार-बार बदल कर प्रमुख खाईवाल अपनी होशियारी का भी परिचय देने की कोशिश करते हैं। महीने-दो महीने में छोटे-मोटे केश इन लोगों पर बनाये जाते हैं, बीते एक वर्ष का कोतवाली का सट्टे का रिकार्ड देखा जाये तो, वही चेहरे हर बार सामने आयेंगे, जिन पर बीते सप्ताह कार्यवाही हुई थी।




#### कार्यवाही पर खड़े हो रहे सवाल

शहर में सट्टे के अवैध कारोबार के हाइटेक होने के बाद से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं का इस ओर रूझान बढ़ा है। पुलिस का सट्टे पर कोई अंकुश नहीं है। तीन से चार खाइवाल मिलकर पूरे शहर में सट्टे का बाजार चला रहे हैं। पुलिस का सटोरियों के विरूद्ध कोई सख्त एक्शन न लेना कहीं न कहीं सवालियां निशान खड़ा करता है। वैसे भी पुलिस ने एक लम्बे अर्से से सटोरियों के विरूद्ध कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सट्टे के कारोबार को चरमसीमा पर पहुंचाने में पुलिस का भी बराबर का हाथ है। चर्चा है कि जिस तरह से शहर में हाइटेक सट्टे का संचालन किया जा रहा है, इसमें तीन से चार खाइवाल मिलकर दर्जनभर से अधिक जगहों पर ऑनलाइन सट्टे को संचालित कर रहे हैं।

#### परिवारों का जीना हुआ मुहाल

ग्राहकों से ऑफ लाइन पट्टियां ली जा रही है, इधर सट्टे के नशे में युवा वर्ग तबाह हो रहा है। नई पीढ़ी भविष्य की चिंता की करने की बजाय एक के 80 करने में किस्मत आजमाते हुए बर्बाद हो रही है। घरों में आर्थिक समस्याओं के उत्पन्न होने से क्लेश बढ़ रहे हैं। विवाद की स्थिति बन रही है। इस तरह सट्टे के अवैध कारोबार ने कई परिवारों का जीना मुहाल कर रखा है। इस अवैध कारोबार को रोकने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है वो बढ़ावा दे रहे हैं। चर्चा है कि धोनी, आशू, गगन इस कारोबार के केन्द्र बिन्दु हैं, जागरूकजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते सट्टे के कारोबार पर रोक नहीं लगाई तो नई पीढ़ी का जीवन पूरी तरह बर्बाद होने में देर नहीं लगेगी। आशू-गगन और धोनी मुख्यालय में इस अवैध कारोबार के पर्याय बन चुके हैं, आए दिन पुलिस इन्हें दबोचती है, लेकिन छुट-पुट कार्यवाही होने की वजह से यह दोबारा इस कारोबार में लग जाते हैं।

#### कभी-कभार होती है छुटपुट कार्रवाई

पुलिस को एक लंबे अर्से से सट्टे के मामले में कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है, बीते सप्ताह पुलिस द्वारा संभवतः धोनी, आशू सहित गगन पर कार्यवाही की थी, लेकिन छोटा कारोबार दिखाकर मुचलके पर छोड़ दिया गया, जबकि सट्टे के कारोबार के उक्त माफियाओं रसूख चलता है, उक्त सटोरियों पर सख्त कार्रवाई न हो पाने के पीछे पुलिस की कमजोर कड़ी कुछ पुलिसकर्मी ही बताए जाते है। मैदानी अमले से जुड़े पुलिस कर्मचारियों की सटोरियों से अच्छी खासी मिलीभगत है। सालाना आपराधिक रिकार्ड की यदि बात की जाए तो जनवरी से दिसंबर तक सट्टे के मामले में धोनी, आशू और गगन पर कितनी कार्यवाही हुई और अगर उन्हें हर बार समझाईश दी गई तो, आखिर वह दोबारा किसकी सह पर कारोबार संचालित करते हैं।

## वन विभाग द्वारा अनुभूति 2023-24 ईको कैंप का आयोजन



**उमरिया।** वन मंडल अधिकारी मोहित सूद के निर्देशन मे इको कैंप का आयोजन उमरिया परिक्षेत्र स्थित माढीबाग वन क्षेत्र में सिद्धार्थ सिंह रेंज ऑफिसर उमरिया ,ओ पी शुक्ला रिटायर रेंजर मास्टर ट्रेनर, प्राचार्य डॉक्टर अभय कुमार पांडे, अभिषेक पांडे वनरक्षक, त्रिपाठी डी के सिंह , अशोक गौतम आदि के संरक्षण एवं निर्देशन पर अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन वन क्षेत्र में किया गया । इको कैंप में शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया के बीएससी बी ए एवं बीकॉम के प्रथम द्वितीय तृतीय क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । छात्र-छात्राओं अनुभूति 2023 के थीम गीत ,मैं भी बाघ का गायन एवं उमरार डैम का परिचय ,प्रकृति संरक्षण वन लगाए,बाघ सुरक्षित तो वन सुरक्षित ,बाघ संरक्षण एवं बाघ को अमव्रेला एनिमल के रूप मे संरक्षण , वन क्षेत्र में ट्रैकिंग, वन परिभ्रमण, गोमुख धारा ,पारिस्थितिक तंत्र से परिचय, विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों एवं वन परिषद योजना जानकारी की जानकारी मास्टर ट्रेनर शुक्ला एवं अभिषेक पांडे द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम को संयोजन वन परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया स कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार से प्राचार्य डॉ.पांडे ,डॉ.राजीव तिवारी, डॉ. परणीता त्रिपाठी, देव त्रिपाठी ,डॉ पिकी सोमकुमर, डॉ अनुपम सिंह ,डॉ अरुंदेंद बहादुर सिंह, डॉजुगल किशोर, डॉ उदित नारायण, डॉ राजेंद्र प्रसाद सहित ग्रंथपाल आदित्य कुमार राय ,डॉ निशीकरण सहित सुयश द्विवेदी,अतुल साहू,अमित, उपल,नूतन प्रसाद,धनेंद्र, चंचल,हलीमा,संदीप राठौर,सुनाया,प्राची,दीपिका आदि के द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ सहभागिता प्रस्तुत की गई । वन विभाग द्वारा आयोजित ईको कैंप के आयोजन में 85 छात्र छात्राओं एवं महाविद्यालय एवं वन विभाग के 50 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी सहभागी प्रस्तुत की । कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक प्रकृति के साथ सामंजस स्थापित करने एवं प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की जानकारी विभिन्न खेलो एवं भाषण द्वारा अपने विचार एवं फीडबैक व्यक्त किया । कार्यक्रम के अंत में विभिन्न खेलों में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

## जिले में कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

उमरिया। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारत्मय में विभिन्न आयोजन किए जाने संबंधी मप्र शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, एवं मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग मे दिए गए निर्देशों के परिपालन मे जन सहयोग से उमरिया जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है ।

मंदिरो में रामकीर्तन, दीप प्रज्वलन, राम रक्षा स्त्रोत, राम चरित मानस का पाठ, भण्डारा, साफ सफाई, सांस्कृातिक कार्यक्रम की कार्यवाही , वार्डो , ग्राम एवं ग्राम पंचायत में राम मंडलियो के माध्यम से प्रभात फेरी, कलश यात्रा, राम रक्षा स्त्रोत , राम चरित मानस का पाठ, रामधुन, राम कीर्तन, नृत्य वाटिका, कथावाचन , भजन संध्या, प्रमुख मंदिरा में भण्डारा की कार्यवाही के लिए के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका, परिषद समस्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यक्रम का समन्वय करेंगे ।

जन जागरूकता के लिए घर घर दीपोत्सव , रंगोली, राम रक्षा स्त्रोत , राम चरित मानस का पाठ, चित्र शिल्प , रोशनी रामधुन, मंदिरो की साफ सफाई के लिए कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद समस्त, जिला जनसंपर्क अधिकारी, विद्यालय मे भाषण प्रतियोगिता, परिचर्चा, निबंध लेखन, गायन, रंगोली , चित्रलेखन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कार्यक्रम का समन्वय करेगे ।

शासकीय कार्यालय में 16 जनवरी से 21 जनवरी तक साफ सफाई एवं 21 से 26 जनवरी तक रोशनी, रंगोली के लिए समस्त कार्यालय प्रमुख कार्यालय, बडे पांच वृहद कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त , समस्त अनुविभागीय अधिकारी जिला उमरिया विशेष ट्रेनो, सडक मार्ग से आयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों का सम्मानि व स्वागत किए जाने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जोनल अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद समस्त , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी , जिला पंचायत कार्यक्रम का समन्वय करेगे । ग्रामीण क्षेत्र में नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) होगें। समस्त कार्यक्रम की वीडियो एवं उसके फोटोग्राफ संकलित करने की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी अपने नियंत्रण में करेंगे। वार्ड एवं ग्राम पंचायत तथा विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिये नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, एवं सहायक नोडल अधिकारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी होंगें। नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी एवं ग्राम पंचायत में गाम सचिव के माध्यम से प्रभात फेरी, कीर्तन, रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस का पाठ, आदि कार्यक्रम आयोजित करायेगें तथा मंदिरों में साफ-सफाई की व्यवस्था करायेगें। आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों, प्रतियोगिता, आदि के लिये चयनित कलाकारों को 26 जनवरी के अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के प्रमाण-पत्र दिये जाने की कार्यवाही की जावे।

## भालूमाड़ा थाना में बढ़ रहे अपराध

### पुलिस अपराध में अंकुश लगाने में असफल



**जमुना/बदरा।** थाना भालूमाड़ा मे भारतीय दंड संहिता 1860 के धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरियादी शिवमंगल सिंह पिता शिवराज उम्र 63 ने बताया कि 14 जनवरी को रात 9 बजे मैं टीव्हीएक्सएल सुपर एमपी 18 एमए 6985 से चैनू रैदास (पार्षद) के घर गया था कुछ समय बाद जब मैं बाहर निकाल तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे गाड़ी को चुरा लिया गया था जिसकी कीमत लगभग 9000 था वर्तमान की स्थिति में अपराध और चोरी घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है आए दिन रेता चोरी और जुआं का कारोबार फल फूल रहा है और कबाड़ वाला भी चमक रहे है। इन सभी घटनाओं से लग रहा है पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने में असफल रही है आने वाले समय में देखना होगा की पुलिस अपराध में अंकुश लगा पाती है या अपराध फलते फूलते रहेंगे।

## करकेली एवं पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जुडवानी, नयागांव, करकेली, उजान एवं पाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बरदढार में कार्यक्रम आयोजित किया गया । अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। जिसमें हम सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। यह भाव सबके अंदर उत्पन्न होना चाहिए। और यह हम सभी की जिम्मेदारी भी हैं। सरकार ने सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की है। सभी को शुद्ध पानी मिले, जिससे बीमारियों का प्रकोप ना हो। इसके लिए नल जल जैसी योजना सरकार ने बनाई। केन्द्र सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर राज्य का बराबर विकास किया है। उज्वला योजना के माध्यम से हर गरीब के घर में गैस के चूल्हे की व्यवस्था की । ऐसे हितग्राही जिनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, या किसी कारण आवेदन जमा नहीं कर पाए वे संकल्प यात्रा के माध्यम से आवेदन दे सकते है।



तथा शासन की योजनाओं का लाभ ले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरो में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे । इस दौरान कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पशु पालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मत्स्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय, बैंक, जन जातीय कार्य विभाग आदि विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी एवं योजनाओं का लाभ उठाने की बात भी अधिकारी द्वारा कही गई । इस दौरान हितलाभों का वितरण भी किया गया । विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जनों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया गया ।

## शोभा यात्रा निकाल राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का दिया गया निमंत्रण



**बम्हनी।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अभियान समिति से जुड़े राम भक्त गांव मे शोभायात्रा निकालकर गांव के प्रत्येक घर में जाकर अयोध्या से आए पीले चावल देकर नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। बम्हनी मे 13 जनवरी को कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमे कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त व कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल शामिल हुये। इस दौरान कलश शोभायात्रा मे गांव व आसपास के छोटे बड़े ग्रामीणों के साथ ही महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिन्होने सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का न्योता दिया। रामभक्त भजन गाते हुए गांव के सभी लोगों को पीले अक्षत का वितरण किया वही ग्रामीणों ने भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का भालूमाड़ा क्लब में हुआ आयोजन

**जमुना/बदरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शासकीय योजनाओं से पात्र, वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के लिए संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्य किया जा रहा है। जमुना कोतमा उक्ताशय की जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में ढाई लाख तक के मकान तथा स्वास्थ्य सुविधा के लिए 5 लाख की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाला आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है,गरीब के ईलाज की गारंटी सरकार दे रही है। आगे उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हमने काम किया है और वे जल्द ही आपके



बीच नगर पालिका क्षेत्र में भी आने वाले हैं और क्षेत्र की जनता को कुछ न कुछ सौगात देकर जरूर जायेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सब हाथों में काम हो, हर खेत में पानी हो और सस्ता और सुलभ न्याय हो। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के माध्यम से मिलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने सभी से शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार लाभ उठाने की अपील की। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना,स्वास्थ्य शिविर, पी.एम.स्वनिधि योजना,बैंकिंग सेवाएं एवं बीमा, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, विविध विभाग आदि द्वारा इस अवसर पर स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनों को उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के संबंध में विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

## मकर संक्रांति पर मेले का क्षेत्रवासियों ने लिया आनंद

**कोतमा।** मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरो मे पहुंचकर पूजा अर्चना तिलदान के साथ स्नान जल से सूर्य देव को अर्द्ध देकर तिल, गुढ, घी का हवन कर तिल के लडडूओ को खाये साथ ही महिलाए बच्चे केवई नदी मे जाकर पिकनिक का आनंद उठाये। कोतमा के आसपास मेले का आयोजन किया गया जिसमे बसखली , केवई नदी केवई, बेरियल, जोगीटोला (गोडारीनदी) धुरवासिन (लखनघाट), पथरौड़ी, निगवानी सीतामणि मे मेले का आयोजन किया गया। लोग मेले मे पहुचकर मंदिरो मे पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। मेले मे झूला,



खानपान, खिलौना, मिठाई, फोटो, गन्ने , मनिहारी आदि की दुकान सजाई गई थी। कोतमा व आसपास के ग्रामीणो ने मेले मे पहुचकर मेले का आनंद उठाया साथ ही जमकर खरीददारी की मेले को देखते हुए कोतमा थाना प्रभारी ने आसपास जहां मेला लगाये गये थे पुलिस व्यवस्था तैनात कर रखी थी जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे। जागृति मंच के द्वारा 15 जनवरी को केवई नदी के किनारे पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव मे नगर के बच्चो, महिलाओ एवं युवाओ ने पतंग उत्सव मे पहुचकर मकरसंक्रांती का पर्व मनाते हुये परंपरा को बरकरार रखा। पतंग उत्सव मे धीरेन्द्र जैन शिवकुमार अग्रवाल रमेश अग्रवाल टेकलाल गुप्ता दीपचंद जैन हीतेन्द्र जैन सुमेर जैन हामिद अली विनय चावडा सहित जागृति मंच के सदस्य उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## परिवहन विभाग ने स्कूलों में जाकर मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह



**रीवा ।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूलों में जाकर नौवीं से लेकर 12 बारहवी तक के छात्रो के बीच यातायात और सड़क सुरक्षा के संबंध में दी जानकारी, जिसमें छात्रो को यह समझाया गया कि हमारे जीवन में हेलमेट कितना महत्वपूर्ण है। हेलमेट पहनकर कैसे दुर्घटनाओ में होने वाली हानि से बचा जा सकता है। शरीर का सबसे संवेदनशील अंग हमारा सर होता है और इसे हेलमेट लगाकर हम सुरक्षित वाहन चालन कर सकते है।छात्रों को यह बताया गया कि आप लोग भी जब 18 वर्ष के पूरे हो जाओगे तो अपना लाइसेंस बनवाकर मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन चलाने के पात्र हो सकोगे।छात्रों को यह बताया गया कि वाहनों के किन दस्तावेज़ो का क्या महत्व है साथ ही आप अपने घर के किसी भी सदस्य को बिना हेलमेट के वाहन चलाने से रोकेंगे और आगे चलकर ख़ुद भी यह ज़िम्मेदारी निभाकर अपने देश के सच्चे नागरिक बनेंगे। परिवहन विभाग द्वारा छात्रों को यातायात से संबंधित सिम्बलो की पहचान करायी गई।उन्हें स्वच्छ रहने और स्कूल घर एवं अपने आस पास की जगह को साफ़ सुथरा रखने की समझाइस भी दी गई।आज की यह कार्यशाला रीवा इंटरनेशनल स्कूल और सेंट मैरी स्कूल में की गई जिसमे रीवा आर टी ओ के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड चेकपोस्ट चाकघाट और चेकपोस्ट हनुमना के स्टाफ़ ने सहभागिता की।स्कूल में बच्चों को चाकलेट और बिस्किट का वितरण किया गया साथ ही स्कूल में मौजूद बसों के दस्त्वेज़ो की भी जाँच की गई।परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा 13 मालवाहनो को नियम विरुद्ध चलते पाये जाने पर उनके ख़िलाफ़ चालानी कार्यवाही भी की गई।

## नगर निगम द्वारा साफ़ सफाई अभियान निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। आज वार्ड 02 दोही हरिजन बस्ती में नालियों की सफाई, वार्ड 40 हरिजन बस्ती औसेरी की पुलिया से नीचे तरफ का बड़ा नाला तल्ली से खुदवाकर निकलवाया गया साथ ही कचरे का उठाव कराया गया। वार्ड 37 उपरहटी किला के अंदर सफाई कराई गईं वार्ड 22 विन्ध्यांचल कालेज के पूरे एरिया में सफाई, वार्ड 15 जेएनसिटी चौराहा से लेकर नहर तक मेंन रोड़ की सफाई कराई गई। वार्ड 09 निराला नगर में सरस्वती स्कूल एरिया की सफाई के साथ ही टैम्पो एवं टैक्टर द्वारा कचरे का उठाव कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी एवं मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

## रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री हुए सम्मानित



**रीवा ।** रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री वृजेश सिंह 'पिंकू' लगातार संगठन के पद में रहते हुए निरंतर समाजसेवा के क्षेत्र में प्रयासरत रहे जब हमारा देश विश्व महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहा था उस वक्त उनके व उनके टीम के द्वारा निरंतर जिले के अंदर गली मोहल्ले और ग्रामीण क्षेत्रो में भी लोगों को हर संभव मदद पहुंचाते रहे है चाहे वह खाने की सामग्री हो, चाहे वह मेडिसिन की सामग्री हो और चाहे आर्थिक मदद रही हो करते रहे जिसको देखते हुए ''श्री जी कान्हा ग्लोवल फाउण्डेशन'' सतना के द्वारा रीवा के रॉयल पैलेस में एक आयोजन कर सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री के सम्मानित होने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाए दी।

### प्राचार्य व प्रधानाचार्य जिला टोली बैठक सम्पन्न

# श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव तैयारी पर हुई चर्चा

सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में जिला प्राचार्य /प्रधानाचार्य जिला टोली की बैठक 10 जनवरी को सम्पन्न हुई ।

बिरसिहपुर पाली।

विद्या भारती महाकोशल प्रांत के जनजाति शिक्षा प्रांत प्रमुख देवेन्द्र चतुर्वेदी जी, विभाग समन्वयक शहडोल विभाग के राम शिरोमणि शर्मा एवं उमरिया जिला के सह जिला सचिव नंदलाल प्रजापती का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें शत प्रतिशत परीक्षा हेतु प्रयास, खिचड़ी समर्पण, पूर्व छात्र सम्मेलन, श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव हेतु तैयारी, सुभाष चंद्र बोस जयंती की रुपरेखा, विद्यारंभ संस्कार हेतु पंजीयन एवं सम्पर्क, विद्यालय विकास के अन्य विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ ।





**पूर्व छात्र बैठक सम्पन्न** - सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में पूर्व छात्र बैठक सम्पन्न हुई जिसमें माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई फिर पूर्व छात्र परिषद का नव गठन किया गया 22 जनवरी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एव 23 जनवरी नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती के कार्यक्रम की रुप रेखा पूर्व छात्र परिषद के माध्यम से तैयार की गई बैठक में रमाशंकर शिवहरे (समिति अध्यक्ष), नंदलाल प्रजापति (व्यवस्थापक एवं सह जिला सचिव) पुरुषोत्तम गुप्ता (कोषाध्यक्ष एवं पूर्व छात्र) रघुनाथ गुप्ता (सह व्यवस्थापक एवं पूर्व छात्र), सुशांत सक्सेना,विवेक सराफ, विमल अग्रवाल, नीरज राय, प्रभात अवधिया , प्रदीप सोनकर, प्रमोद सोनी, रवि प्रेमचंदानी महेंद्र गुप्ता, रामकरण राठौर, श्याम गुप्ता ,शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य पूर्व छात्रों की विशेष उपस्थिति रही सभी पूर्व छात्र बैठक में आकर बहुत खुश, प्रसन्न थे। प्राचार्य बैठक का उद्देश्य बताए कार्यक्रम का संचालन नंदराम शर्मा (व्याख्याता) ने किया।

### नरेंद्र मोदी सबसे योग्य यजमान

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन पर द्वंद पैदा न करें शंकराचार्य : शक्तिपुत्र महाराज

ब्यौहारी।

पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सनातन धर्म प्रेमी जनता को संबोधित किया एवं अयोध्या में चल रहे रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संदर्भ में अपने विचार रखें।महाराज जी ने कहा कि जहां एक तरह 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में हर्षोल्लास के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी चल रही है, पूरा समाज इस उत्साह में आंदोलित है, विश्व जनमानस में भी उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है, अनेकों देश इस आयोजन के साक्षी बनने का प्रयास कर रहे हैं वहां भी एक उत्साह का माहौल है, लेकिन जिस तरह से शंकराचार्य द्वारा समाज में एक द्वंद निर्मित किया जा रहा है, उसका लाभ सनातन विरोधी ताकते उठा रही है।शंकराचार्य द्वारा आवाज उठाई गई थी कि नरेंद्र मोदी एक योग्य जजमान नहीं है हो सकते कई लोग उनकी जाति को लेकर भी आपत्ति जताई थी, लेकिन श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने इस बात का पूरी तरह से खंडन किया और कहा कि नरेंद्र मोदी वर्तमान में सबसे योग्य यजमान है क्योंकि वह अपना जीवन राष्ट्र और सनातन धर्म को समर्पित किया है वह ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले हैं और एक साधक भी हैं, वह इस आंदोलन से जुड़े भी रहे हैं और उनसे विराट व्यक्तित्व वाला यजमान वर्तमान में कोई मिल भी नहीं सकता है। व्यक्ति कर्म से योग्य होता है जाति से नहीं हमारे शंकराचार्य को इस तरह की ओछी मानसिकता से ऊपर उठाना चाहिए।वही मुहूर्त को लेकर उठ रहे सवाल पर भी महाराज जी ने कहा कि जहां माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा के आशीर्वाद से स्वयं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही हो वहां किसी भी समय प्राण प्रतिष्ठा की जा सकती है, उस प्राण प्रतिष्ठा से वह समय भी एक मुहूर्त के रूप में प्रतिष्ठित हो जाएगा।गोवर्धन पीठ पुरी के के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी द्वारा कहा गया कि वहां पर अगर शास्त्र सम्मत प्राण प्रतिष्ठा न की जाएगी तो डाकिनी साकनी तमाम असुरी शक्तियों का प्रवेश विग्रह में हो जाता है, इस बात का खंडन करते हुए शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि यह किस तरह के त्रिकाल दर्शी है क्या उन्हें दिखाई नहीं दे रहा की जिस क्षेत्र की सुरक्षा स्वयं हनुमान जी कर रहे हो वहां कभी असुरी शक्तियां प्रवेश नहीं कर सकती है। नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ सामान्य आत्माएं नहीं*पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती द्वारा नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ को लेकर कई अनावश्यक बातें की गई जिसे लेकर श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ सामान्य आत्माएं नहीं है, वह भगवान श्री राम की प्रेरणा से कार्य कर रही हैं सच्चिदानंद भगवान का निर्देशन के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। क्या आप चाहते हैं कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कार्यभार आजम खान जैसे लोग देखें क्योंकि जब प्रयाग में कुंभ का आयोजन होता था तब उसके प्रभारी आजम खान जैसे लोग होते थे, चित्रकूट के लिए मार्ग निर्माण में भी बाधक रहते थे। वही जोशी मठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी द्वारा भी कहा गया कि हमारा जब समय आएगा तब देखेंगे। इस पर भी महाराज जी ने कटाक्ष किया कि इससे उपयुक्त समय अब नहीं आने वाला कांग्रेस समाजवादी पार्टी तमाम सनातन धर्म द्रोही राजनीतिक दलों से इस तरह की आयोजन की अपेक्षा नहीं की जा सकती।शंकराचार्य द्वारा यह भी कहा गया कि मंदिर का निर्माण अधूरा है अभी वहां प्राण प्रतिष्ठा का कार्य शास्त्र सम्मत नहीं है क्या प्रमाण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में मजदूर चढ़ेंगे ? इस बात को लेकर श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने कहा कि जब हम सकारात्मक रूप से निर्माण कार्य या स्वच्छता को लेकर कई बार मजदूर मंदिरों के ऊपर चढ़ते हैं उससे भगवान को कोई आपत्ति नहीं है कई बार रंग रोगन के लिए या फिर मंदिर के ऊपर स्वच्छता के लिए अनेकों बार मजदूर चढ़ते हैं अगर भगवान की मूर्ति का भी सहारा लिया जाए तो भी कोई गलत नहीं होगा क्योंकि वह एक सकारात्मक और निर्माण कार्य का कार्य है।शंकराचार्य को वैसे तो इस आयोजन में जाना चाहिए था और चारों शंकराचार्य को एकमत होकर देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से कोई ना कोई एक मांग अवश्य रखनी चाहिए थे चाहे गौ संरक्षण की बात हो या फिर आज देश के युवा जिस तरह से नशे के दलदल में फासते जा रहे हैं तो देश प्रदेश में नशे की सामग्रियों पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग रखी जा सकती थी, अगर इस पर वह कार्य नहीं करते तो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुखर आवाज उठाई जा सकती थी। शंकराचार्य किन्हीं परिस्थितियों के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या नहीं पहुंच पा रहे हैं लेकिन उनके द्वारा किसी भी तरह की नकारात्मक बातें नहीं होनी चाहिए जिससे विधर्मियों को अवसर मिले और सनातन धर्म के लोगों के अंदर द्वंद पैदा हो। सभी शंकराचार्य अगर 22 जनवरी को अयोध्या ना पहुंच रहे हो लेकिन जिस भी स्थान में हो वहीं से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साह मे सम्मिलित होना चाहिए जिससे देश में सनातन धर्म में एकता की भावना प्रदर्शित हो और इस आयोजन को ऐतिहासिक उत्साह के रूप में जनमानस को मनाने की प्रेरणा देनी चाहिए।



## दुख, सुख से नहीं मिटता दुख मिटता है अज्ञानता के मिटने से: विशाल द्विवेदी

रीवा।

ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में मंगलवार को पशुपतिनाथ फाउंडेशन द्वारा नशा, आत्मचिंतन, लक्ष्य, निर्भरता और डिप्रेशन को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी, फाउंडेशन की अध्यक्ष कुसुम सिंह, नीरज सिंह, अध्यापक वर्ग एंव छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पशुपतिनाथ फाउंडेशन के डायरेक्टर विशाल द्विवेदी द्वारा कहा गया कि दुख, सुख से नहीं मिटता है, दुख मिटता है अज्ञानता के मिटने से और अज्ञानता शिक्षा से जाती है, शिक्षित वर्ग अज्ञान नहीं हो सकता है। आज कल के युवा नशा और डिप्रेशन की ओर अग्रेसित होते जा रहे है और सच्चाई से दूर होते जा रहे है। इसके बचने का उपाय श्रीमत भगवत गीता एवं वेदांत है जिसको ग्रहण करना सभी को आवश्यक है। इसी प्रकार मोटीवेशन एक जहर की तरह है जो युवा वर्ग नशे को अपने करीब जा रहे हैं उनको मैं बताना चाहता हूँ कि नशा कुछ क्षण के लिए आनंद तो देता है लेकिन आगे चलकर जीवन को अंधकारमय कर देता है। सही लक्ष्य दूसरों को देख कर नहीं बनता, सही लक्ष्य अपनी अर्तआत्माओं और अपने स्वविवेक से बनता है। सही लक्ष्य को उत्साहवर्धन से हासिल नहीं किया जा सकता है सही लक्ष्य पाना हो तो उसके लिए ज्ञानवर्धन करने की आवश्कता होती है। इतना ही नहीं जो व्यक्ति रोजी रोटी के लिए दूसरों पर निर्भर होगा उसके साथ अत्याचार होना स्वभाविक है। लोग कहते है कि बहुत आत्म सम्मान है।

# प्राचार्य शाउमा विद्यालय मझिगवां को कारण बताओ नोटिस जारी

### कलेक्टर मऊगंज द्वारा एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया

मऊगंज ।

कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा हनुमना विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझिगवां का अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हनुमना जिला मऊगंज दिनांक 12 एक 2024 को निरीक्षण प्रतिवेदन केअनुसार अव्यवस्था पाई गई। जिसमें पुस्तकालय में पुस्तक का रखरखाव सही ढंग से नहीं पाया गया। पुस्तकालय में विद्यार्थियों को बैठकर पढ़ने की व्यवस्था और पुस्तकालय धूल से गंदा होना पाया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि पुस्तकालय के उपयोग नहीं किया जाता है। विज्ञान प्रयोगशाला के निरीक्षण से यह ज्ञात हुआ कि उक्त प्रयोगशाला का नियमित उपयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही प्रयोगशाला मौके में बंद पाई गई जिससे यह प्रतीत होता है। कि छात्रों का प्रयोगशाला में प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है। खेल सामग्री के अभाव से यह प्रतीत होता है कि छात्रों के बीच खेल की गतिविधियां सुचारू रूप से विद्यालय में संचालित नहीं होती हैं। विगत शिक्षण सत्र का बोर्ड परिणाम के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि विद्यालय में विगत सत्र का परीक्षा परिणाम 29 प्रतिशत रहा। जो की अत्यंत निम्न था जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अध्यापकों द्वारा पठन-पाठन का के कार्यों में रुचि नहीं ली जाती है। आईटीसी के संसाधनों एवं विद्युत व्यवस्था सुनियोजित होना नहीं पाया गया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई, पानी की व्यवस्था सुनसंयोजित नहीं पाई गई। उक्त कर्त्य घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। तथा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उप नियम में प्रावधानित नियमों के प्रतिकूल होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा( वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के उपनियम मे प्रावधानित नियमो के प्रतिकूल होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। इस पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर अपना स्पष्टीकरण उक्त बिंदुओं के साथ में प्रस्तुत करें ,अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय निर्णय लिया जाकर आयुक्त रीवा संभाग रीवा को अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जाएगा।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में देवतालाब शिव मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

# विभिन्न कार्य योजनाओं पर की गई चर्चा

मऊगंज ।

जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार 16 जनवरी को देवतालाब शिव मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 22 जनवरी को आयोजित होने जा रहे वृहद कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं लोगों से धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन, कीर्तन एवं भंडारे के आयोजन हेतु बात रखी गई। साथ ही कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिव मंदिर परिक्रमा क्षेत्र एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। एवं बेहतर निर्माण कार्य के साथ अन्य सुविधाजनक निर्माण कार्यों को कराए जाने के निर्देश दिए। मंदिर के उत्तरी छोर के मुख्य दरवाजे पर सीढ़ी के निर्माण के साथ बड़ा दरवाजा के साथ एक छोटा दरवाजा भी लगाए जाने हेतु निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। इस दौरान शिवकुण्ड की सफाई हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा व्यापारियों की बैठक लेकर कहा गया की पॉलिथीन की जगह बांस की बनाई गई छोटी-छोटी टोकनियों में प्रसाद देवें, जिससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी वहीं बांस शिल्पकारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। और लघु कुटीर उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्ना लाल चौरसिया, एसडीएम मऊगंज बीके पांडेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब, मानसिंह आर्मो ,स्थानीय सरपंच सरिता सिंह, आनंद सिंह ,सुरेंद्र सिंह चंदेल, दीपेश बढ़ौलिया, अखिलेश सिंह, महेंद्र सिंह अतरैला, नारायण गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, केके मिश्रा ,डॉ ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, राजेश कठेल सहित मंदिर के पुजारी व्यापारी गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



# देव तालाब शिव मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बैठक संपन्न

रीवा

कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देवतालाब शिव मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले वृहद कार्यक्रम के बारे में विस्तृत में चर्चा की गई। बैठक में लोगों से धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं भंडारे के आयोजन की बात कही गई।

इस दौरान कलेक्टर ने पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिव मंदिर परिक्रमा क्षेत्र एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा बेहतर निर्माण कार्य के साथ अन्य सुविधाजनक निर्माण कार्यों को कराने के निर्देश दिए मंदिर के उत्तरी छोर के मुख्य दरवाजे पर सीढ़ी के निर्माण के साथ बड़े गेट के साथ एक छोटा गेट भी लगाए जाने के लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। शिवकुण्ड की सफाई के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने व्यापारियों से पॉलिथीन की जगह बांस की बनाई गई छोटी-छोटी टोकनियों में प्रसाद देने की बात कही। इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और बांस शिल्पकारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। साथ ही लघु और कुटीर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब मानसिंह आर्मो, स्थानीय सरपंच सरिता सिंह सहित आनंद सिंह, सुरेंद्र सिंह चंदेल, दीपेश बढ़ौलिया, अखिलेश सिंह, महेंद्र सिंह, नारायण गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, केके मिश्रा डॉ ब्राम्हप्रकाश शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, राजेश कठेल तथा मंदिर के पुजारी, व्यापारी, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## ठेकेदार की लापरवाही से निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे श्रमिक की करंट लगने से हुई मौत

रीवा।

शहर के चिरहुला कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा श्रमिक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। श्रमिक को नाजुक अवस्था में 11 जनवरी को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्रमिक रघुराई साकेत निवासी मझौली जिला सीधी को ठेकेदार के लोगों ने करंट लगने के बाद संजय गांधी अस्पताल में उपचार लिए भर्ती कराया था जहां गंभीर रूप से घायल हुए को श्रमिक रश्रमिक की मौत हो गई ई। सोमवार का पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही श्रमिक के परिजन रवि कुमार साकेत ने बताया कि वो 11 जनवरी को मझौली सीधी से ठेकेदार के पास पैसा लेने आए थे, इसी बीच उन्हें चिरहुला के पास काम मिल गया और वो काम में लग गए। दोपहर दो बजे के करीब वो छत में थे जहां 33 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। उन्होंने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से गंभीरता से जांच की मांग की है। बताया गया कि उन्हें फोने से उनके रिश्तेदार ने जानकारी दी। वहीं अब ठेकेदार सहित कोई आदमी फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई.

## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री को जन स्वास्थ्य रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** 15 जनवरी प्रांत अध्यक्ष के निर्देशन में जन स्वास्थ्य रक्षक संघ जिला इकाई अनूपपुर द्वारा एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में दिलीप जायसवाल लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार को मुख्यमंत्री के नाम पर अपनी पूर्व मांगों को लेकर मांगों की पूर्ति हेतु एक बार फिर ज्ञापन स्वरूप में एक फाइल सौंपा। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष बाल्मीक सोनी, जिला सचिव प्रवेद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अनूपपुर रामखेलावन पटेल, ब्लॉकअध्यक्ष जैतहरी सीताराम राठौर, आदित्य तिवारी जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन के मीडिया प्रभारी सूरज पटेल जन स्वास्थ्य रक्षक के लोग उपस्थित रहे।

### खाद्य सामग्रियों का चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से की गई मौके पर जांच



**अनूपपुर।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। अनूपपुर स्थित होटल आरएमजी, सुधा स्वीट्स एण्ड डेयरी, गौतम डेयरी, अनमोल स्वीट्स आदि प्रतिष्ठानों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा दूध, दही, खोवा, मिठाई आदि की मौके पर जांच की गई। संचालकों को निर्देशित किया गया कि प्रतिष्ठान में साफ-सफाई के साथ ही खराब सामग्री का विक्रय न करें तथा खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जावे। नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री उपलब्ध हो इस हेतु निरन्तर जांच की कार्यवाही मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत की जाएगी तथा गुणवत्ताहीन अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर विक्रेता के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### जनसुनवाई सम्पन्न



**अनूपपुर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 61 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर सहायता राशि दिलाए जाने, घर में जबरन घुसकर मारपीट एवं चोरी किए जाने, ट्राई सायकल दिलाए जाने, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना में लापरवाही बरतने व भ्रष्टाचार किए जाने, अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमितता किए जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाए जाने सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

### 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**अनूपपुर।** अयोध्या उत्तरप्रदेश में 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में स्वरुप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बड़े कार्यक्रम समारोहों का आयोजन, जुलूस, प्रभातफेरी निकलना संभावित है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ द्वारा 22 जनवरी को सम्पूर्ण दिवस के लिए अनूपपुर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों एफ.एल.-3 एवं देशी मद्य भण्डागार को बन्द रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

# उपयंत्री, ठेकेदार व सरपंच पति की तिकड़ी जोड़ी लिख रही भ्रष्टाचार की इबारत









### ग्राम पंचायत चुकान में पुलिया निर्माण के नाम पर हो रहा खेल

### शिकायत के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा निर्माण कार्य

ग्राम पंचायत चुकान में हो रहे भृष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों ने की है, उपयंत्री जिस भी पंचायत में रहते है उनके अपने ठेकेदार साथ चलते है और यही कुछ हाल इन दिनों ग्राम पंचायत चुकान का है जहां पुलिया निर्माण में भृष्टाचार को अंजाम दिया गया और ठेकेदार द्वारा इस आरसीसी पुलिया निर्माण में चोरी की रेत सप्लाई की गई और चोरी के रेत से पुलिया का निर्माण भी किया गया जा रहा है।

अनूपपुर/बदरा।

ठेकेदार से गांव वाले ने लागातर रॉयल्टी पर्ची की मांग की गई पर उनके पास जब रॉयल्टी पर्ची होगी तब तो दीया जाए, पंचायत ठेकेदारों में सिल्लू एक ऐसा नाम है जो इस तरह के भृष्टाचार में पंचायत सरपंच सचिव के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलता है, ग्राम पंचायत चुकान में आरसीसी पुलिया निर्माण बांकी नाला बांध के पास पांचवा राज्य वित्त आयोग से लगभग 15 लाख की लागत से स्वीकृत हुई थी, मिली जानकारी के मुताबिक इस पुलिया में जेसीबी लगा कर गड्ढे की खुदाई कर चोरी छुपे निर्माण कार्य शुरू किया गया।

शिकायत मे इस बात का उल्लेख भी किया गया कि उपयंत्री, ठेकेदार, सरपंच पति के द्वारा जो सरिया का इस्तेमाल किया गया वो भी प्राक्कलन के विपरीत 8 एवं 10 का सरिया लगाया गया, गांव वालों ने बताया कि यह जो गुणवत्ता बिहीन बांधा बगल से पुलिया का निर्माण भ्रष्टाचारी उपयंत्री, ठेकेदार, सरपंच पति के द्वारा बनवाया जा रहा है वह मुख्य मार्ग है जो भाद चुकान को जोड़ता है जिससे 16 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा पर मुताबिक की विपरीत पतली सरिया लगाकर भ्रष्टाचार का नेवता परोस रहे हैं, दूसरी तरफ घटिया सीमेंट और चोरी का रेत खरीद कर पुलिया निर्माण कराया जा रहा, ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जगह पर पुलिया की उपयोगिता दो गांव को जोड़ने के लिए बहुत ही अहम है वहां महज पुलिया के निर्माण पर पंचायत के पैसों को सरपंच, उपयंत्री और ठेकेदार आपस में बंदर बांट करने में तुले हुए हैं।

इसके पहले भी उपयंत्री के द्वारा सरकारी जमीन की वजह पट्टे के जमीन में पुलिया निर्माण कराया गया है जिसका कोई उपयोग नहीं जहां पर पुलिया बनाना था वहां न बनाकर एक ठाकुर साहब के जमीन पर बना दिया गया, भ्रष्टाचार का लिपा पोती करते हुए उपयंत्री, ठेकेदार आपस में पैसों का बंदर बांट कर लिया वही बांकी नाला में 2 साल पहले उपयंत्री के द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर 50 50 मीटर के अंतराल में गुणवत्ता विहीन प्राक्कलन की विपरीत लगभग 16-16 लाख का तीन स्टाफ डेम का निर्माण कराया गया, एक स्टाफ डेम तो सरकारी जमीन के वजह पट्टे की जमीन पर बनवाया गया जिस पर सीएम हेल्पलाइन भूस्वामी के द्वारा लगाया गया पर आपस में बैठ चडोत्री रखकर 181 बंद करा दिया गया। उपयंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन बनाए गए पुलिया और स्टाफ डेम के संबंध में कुछ समाजसेवि, जनप्रतिनिधि के द्वारा भी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किया गया, साथ ही सबसे दुर्भाग्य जनक तो यह है कि शिकायत करने के बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस पुलिया और स्टाफ डेम को देखने नही पहुंचा नतीजतन उपयंत्री, ठेकेदार ने आनन फानन पुलिया पर मिट्टी डाल कर कार्य को पूर्ण करने मे लगे हुए हैं, अब सवाल यह उठता है कि जब निर्माण कार्य चल रहा था तो दूरभाष शिकायत के बाद भी इंजीनियर और जनपद सीईओ और एसडीओ बांकी के जिम्मेदार कहाँ सोये थे।

इस पूरे मामले में हमने पंचायत की इंजिनियर से बात करना चाहा तो नंबर को ब्लॉक कर दिया गया पाया गया इसके बाद जिला वा जनपद सीईओ से बात करना चाहा तो जिला सीईओ के द्वारा कहा गया लिखित रूप से शिकायत करिए मैं कार्यवाही करूंगा। पर वही जनपद सीईओ को जब अवगत कराया गया गुणवत्ता विहीन पुलिया निर्माण के संबंध में मैडम जी के द्वारा कहा गया की मैं पुलिया निर्माण कार्य को बंद करवा दी हूं वहां कोई काम अब नहीं चलेगा। पर अभी भी भ्रष्टाचार का लेप लगाते हुए पुलिया निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीईओ व उपयंत्री की महत्वाकांक्षी अपनी पांच से दस प्रतिशत महत्वाकांक्षा है जो सचिव सरपंच पति और ठेकेदार द्वारा प्राक्कलन की विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्य को पूर्ण की जाती है अब आप सोचिये 15 लाख की पुलिया में उपयंत्री का पांच प्रतिशत, एपीओ, सीईओ, एसडीओ सभी का कमीशन फिक्स है फिर भला पुलिया की गुणवत्ता से किसी को क्या लेना देना और इसके बाद सरपंच, उपसरपंच, सचिव सब का अपना पेट है और ठेकेदार साहब तो है ही। अवैध रेता, खराब सरिया, गिट्टी, सीमेंट और परिवहन कर सामग्री सप्लाई की है तो उनका भुगतान भी लाजमी है।

अब सवाल यह उठता है कि एक पुलिया में जब इतना कमीशन निकलेगा तो उसका निर्माण कैसा होगा अंदाजा लगाया जा सकता है, उपयंत्री, ठेकेदार, सरपंच पति का नाम किसी से छुपा नही है ये उन फेहरिस्त में एक नाम है जो अपना ठेकेदारी और भृष्टाचार का सिस्टम साथ ले कर चलते है और इनको एक नही कई पंचायतों का प्रभार एक साथ महज इसलिए चाहिए होता है कि भृष्टाचार करने की कोई सीमा तय न हो अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ तन्यम वसिष्ट शर्मा क्या कदम उठाते है। भ्रष्टाचारी उपयंत्री और ठेकेदार जिन-जिन ग्राम पंचायत में काम किया है वहां भ्रष्टाचार का नई कहानी ही लिखते आ रहें है जो जांच का विषय है। भ्रष्टाचारी उपयंत्री और ठेकेदार के द्वारा जितनी भी पंचायतों में विकास कार्य हुई है उन सब का जांच हो तथा जो रेत की सप्लाई की है उन सभी का भी एक साथ जांच की जानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

# नगरवासियों के लिये अनुउपयोगी साबित हो रहा संजीवनी क्लिनिक

## संजीवनी क्लीनिक का नगरवासियों को नहीं मिल पाया लाभ





कोतमा।

लगभग 22 लाख रुपए की लागत से नगर के वार्ड क्रमांक 3 मे बने पुराने अस्पताल का उन्नयन संजीवनी क्लिनिक के लिए शासन की विशेष योजना के अंतर्गत कार्य करवाया गया लेकिन वर्तमान में वह अनुउपयोगी साबित हो रही है। भवन का उन्नयन अगस्त माह में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण कर दिया गया लेकिन अभी तक नगर वासियों को संजीवनी क्लीनिक का लाभ नहीं मिल पाया। नई परिषद के गठन के बाद नपा अध्यक्ष के द्वारा शासन से संजीवनी क्लीनिक के नाम पर लगभग 22 लाख रुपए आए थे जिसका बकायदे नगर के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित पुराने अस्पताल भवन का उन्नयन कार्य का भूमि पूजन करवाया गया और ठेकेदार के माध्यम से रिपेयरिंग का कार्य शुरू करवाया गया जो अगस्त माह में पूर्ण हो गया।

### यह था उद्देश्य

संजीवनी क्लिनिक बाजार एरिया में खोलने का उद्देश्य था कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन नगर से दूर है और संजीवनी क्लिनिक संचालित हो जाने के बाद नगर के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो पाएगी यदि कोई गंभीर है तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेज दिया जाएगा।

### अभी तक नहीं हुआ संचालित

नगर के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने के लिए पुराने अस्पताल भवन का उन्नयन करवाया गया जिसमें खिड़की दरवाजे टाइल्स शौचालय छत रिपेयरिंग के साथ ही दरवाजे एवं मुख्य द्वार का गेट का कार्य शामिल था जिसके लिए शासन के 22 लाख रुपए खर्च किए गए लेकिन वर्तमान में यह अनु उपयोगी साबित हो रहा है। बताया जाता है कि गेट का काम जो किया गया था वह भी अब टूट गया है। क्या शासन के पैसों का दुरुपयोग स्थानीय निकाय में बैठे अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा किया जाएगा यह जनता के बीच एक प्रश्न बन कर रह गया है। उन्नयन का कार्य किए हुए लगभग तीन माह हो गए लेकिन अभी तक संजीवनी क्लीनिक का संचालन शुरू नहीं किया गया क्या डॉक्टर की कमी के कारण मोहल्ला अस्पताल संचालित नहीं हो पा रहा है या यूं कहे जनता के पैसों की होली खेलने के लिए यह दिखावा किया गया।

### बन गई पार्किंग

नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल भवन में संजीवनी क्लीनिक का उन्नयन करवाया गया रंग रोगन का कार्य भी पूर्ण हो गया लेकिन संचालित ना होने के कारण वर्तमान में लोग अपनी दो पहिया एवं दुकानदारों के द्वारा हाथ ठेला खड़ा कर पार्किंग स्थल बना लिया गया है।

### नहीं मिल रहा लाभ

नगर के नागरिकों का कहना है कि शासन के द्वारा लगभग 22 लाख रुपए खर्च कर बाजार एरिया में पुराने अस्पताल भवन का उन्नयन करवाते हुए संजीवनी क्लीनिक के लिए व्यवस्था बनाई गई लेकिन आज तक नगर के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है क्या नगर के जनप्रतिनिधियो की अकर्यमंडता कहें या दिखावे के लिए उन्नयन कार्य करवाया गया।

### नहीं है पर्याप्त डॉक्टर

नगर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है पूर्व में नगर विकास मंच के द्वारा भोपाल जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया था। लेकिन आज तक ना तो सिविल अस्पताल का दर्जा मिल पाया और ना ही पर्याप्त डॉक्टर मिल पाए उसमें भी संजीवनी क्लिनिक संचालित करने के लिए शासन के पैसों की होली खेली गई। अभी तक संजीवनी क्लीनिक के लिए ना तो स्वास्थ्य विभाग ही और ना ही प्रशासनिक अधिकारी और ना ही स्थानीय निकाय में बैठे जनप्रतिनिधियों के द्वारा पहल की गई। क्या यह उन्नयन तक ही सीमित होकर रह जाएगा यह जनता के बीच एक प्रश्न बनकर रह गया है।



## बोर्ड परीक्षा तैयारियों का स्कूल पहुंच कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने लिया जायजा

अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने हायर सेकेण्डरी स्कूल पयारी तथा सीएम राईज स्कूल बदरा तथा हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर खांडा का औचक निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में तैयार मॉड्यूल के अनुरूप अध्ययन-अध्यापन कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से परीक्षा तैयारियों के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शैक्षणिक स्टॉफ से मॉड्यूल अनुसार अब तक की पढ़ाई तथा आयोजित किए गए टेस्ट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उनके सुझाव जाने। कलेक्टर के निर्देश पर आज जिलेभर में अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों का जायजा लिया। जायजा लेते हुए अधिकारियों ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु विषय आधारित मॉड्यूल (प्रश्न पत्र) अनुसार पढ़ाई और साप्ताहिक टेस्ट की जानकारी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों से चर्चा कर प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों के सुधार हेतु सुधारात्मक पहल सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सतत रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। छात्र-छात्राओं के पढ़ाई के स्तर का आंकलन कर उन्हें शिक्षकों के माध्यम से परीक्षा की आवश्यक तैयारियों पर बल दिया जा रहा है। कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए अलग से कक्षा लगाने एवं मॉड्यूल बनाकर उन्हें अध्ययन कराया जा रहा है तथा कक्षा आधारित विषयों की निदानात्मक कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

## धार्मिक स्थल सीतामढ़ी का कलेक्टर ने भ्रमण कर लिया जायजा

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राम वन पथ गमन मार्ग में पड़ने वाले सभी धार्मिक स्थलों के समुचित रखरखाव व जीर्णोद्धार के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा आज अनूपपुर जिले के राम वन पथ गमन मार्ग में पड़ने वाले जिले के कोतमा तहसील अंतर्गत जनपद पंचायत अनूपपुर की ग्राम पंचायत खोड़री स्थित पवित्र स्थल सीतामढ़ी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, जनपद पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऊषा किरण गुप्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति के सदस्य, आमजन उपस्थित रहे। राज्य सरकार द्वारा ऐसे सभी स्थलों को विकसित करने की योजना पर कार्य कर रही है इसे भगवान प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान से भी जोड़कर देखा जा रहा है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मौके पर जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को साफ सफाई व रंगरोगन के निर्देश प्रदान किये गए। इस दौरान सीतामढ़ी के पुजारी द्वारा बाउंड्रीवाल व विद्युत संबंधी समस्या तथा ग्रामीणों द्वारा सड़क मार्ग के मरम्मतीकरण के संबंध में अवगत कराया गया।



# कलेक्टर ने ली सामाजिक संगठनों की बैठक

### बैठक में सामाजिक संगठनों से प्राप्त किए गए सुझाव



**अनूपपुर।** श्री राम मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिले में विभिन्न गतिविधियों के संचालन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह नगरपालिका अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राजेन्द्र तिवारी, समाजसेवी मनोज द्विवेदी, विवेक बियानी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय व सभी ब्लॉक समन्वयक, पतंजलि एवं गायत्री परिवार के सदस्य, लायंस क्लब, नवांकुर संस्था, संतगण, पुजारीगण तथा अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने राज्य शासन के दिशानिर्देशानुसार प्रभात फेरी, कलश यात्रा, स्वच्छता अभियान, दीप दान, प्रकाश व्यवस्था, अमरकंटक में श्री रामलीला, दीप प्रज्ज्वलन, भजन संध्या, कीर्तन, रामायण पाठ, भण्डारे का आयोजन, रामायण गायन प्रतियोगिता आदि आयोजन के संबंध में प्रत्येक गतिविधि को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराए जाने के संबंध में चर्चा कर दिशानिर्देश दिए गए।

बैठक में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधा प्रसारण की व्यवस्था सभी ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों के मंदिरों में किए जाने संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अयोध्या जाने वाले यात्रियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सामाजिक संगठनों के लोगों से सभी कार्यक्रमों को भव्य एवं दिव्य बनाने हेतु सुझाव प्राप्त किए। जिला संघ संचालक राजेन्द्र तिवारी द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था तथा सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग मिलजुल कर त्यौहार के रूप में इस उत्सव को मनाए जाने के संबंध में सुझाव रखे। आयोजन के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग वर्तमान नियमों के पालन के संबंध में भी सुझाव दिए गए। बैठक में जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सभी विकासखण्ड स्तर पर भी जन अभियान परिषद की अगुवाई में कार्यक्रम के संबंध में सामाजिक संगठनों की बैठक आयोजित करने के सुझाव पर इस संबंध में निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित लोगों से कलेक्टर ने अपील की कि सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सूचना अनिवार्य रूप से संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय व पुलिस थाने को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रशासन के द्वारा आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने सभी को मिलजुल कर आयोजन को समन्वित प्रयास से सफल बनाने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान श्री राम के स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्साह, उमंग व त्यौहार जैसे आयोजन जिले में सम्पन्न किए जांए। जिसके तहत जगह-जगह भजन, कीर्तन, रंगोली, रामचरित पाठ, मंदिरों की साफ-सफाई, दीपोत्सव कार्यक्रम सुनिश्चित किए जांए। बैठक में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से श्री राम कीर्तन एवं दीप प्रज्ज्वलन के कार्यक्रमों का आयोजन कराए जाने तथा हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत किए जाने व जगह-जगह कीर्तन मंडलियों को कार्यक्रम के लिए प्रेरित किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया।